उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882

ई–मेल–registrar@hmbup.in

पत्रांक–......297....../एच0एम0बी0/2024 दिनांक 27/05/2024

सेवा में, **महत्वपूर्ण व समयबद्ध**

(द्वारा बोर्ड वेबसाइट)

प्राचार्य/प्रबन्धक,

सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेज

विषयः उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मासिस्ट पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अध्ययनरत छात्रों का विवरण वेबसाइट पोर्टल पर अपडेट किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ के पत्रांक-524/एच0एम0बी0/701/2023, दिनांक 28.07.2023 द्वारा प्रथम चरण में 166 कालेजो (सूची संलग्न) व 524(1)/एच0एम0बी0/701/2023, दिनांक 31.07.2023 द्वारा द्वितीय चरण में 15 कालेजों (सूची संलग्न) व इस प्रकार कुल 181 डी0एच0पी0 कालेजों का सत्र 2023-24 में पाठ्यक्रम संचालन हेतु सम्बद्धता शुल्क जमा करने व छात्रों का नामांकन कराये जाने के सम्बन्ध में पोर्टल खोला गया था। जिस पर दिनांक 10.10.2023 तक कुल 172 कालेजों द्वारा नामांकन शुल्क जमा करने के उपरान्त सम्बन्धित संस्थाओं में नव प्रवेशित छात्रों का विवरण अपलोड किया गया।

इसी क्रम में कतिपय कालेजों द्वारा अवगत कराया गया है कि सर्वर बेस्ड इरर के कारण उक्त अवधि में उनकी संस्थाओं में नामांकित छात्रों का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर नही अपलोड किया जा सका व इस कारण उनकी बायोमेट्रिक बेस्ड उपस्थिति प्रेषित करने व आधार एथेन्टिकेशन कराये जाने में कठिनाई आ रही है साथ ही उक्त पोर्टल को एक सप्ताह के लिये खोले जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त पर सम्यक विचारोपरान्त सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेजों द्वारा किये गये अनुरोध व छात्रहित के दृष्टिगत सत्र 2023-24 में पाठ्यक्रम संचालित संस्थाओं में नव प्रवेशित ऐसे छात्र जिनका विवरण पोर्टल पर अपलोड करने से छूट गया है उनके हेतु तिथि दिनांक 30.05.2024 से 31.05.2024 तक पोर्टल खोलते हुए अन्तिम बार बढ़ायी जाती है। संस्थाओं में अध्ययनरत उन्ही छात्रों का विवरण अपलोड किया जायेगा जिनके द्वारा दिनांक 10.10.2023 तक संस्थाओं में ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश शुल्क जमा करते हुए प्रवेश लिया गया हो, तथा संस्था द्वारा अपनी नव प्रवेशित छात्रों की सूची मय प्रपत्रों सहित बोर्ड कार्यालय को प्रेषित की जायेगी। साथ ही संस्था द्वारा उक्त के साथ इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उनकी संस्था में प्रवेशित छात्रों का आधार एथेन्टिकेशन करा लिया गया है। संस्था में

प्रवेश लेने वाले छात्रों का विवरण अपलोड करने की तिथि किसी भी दशा में बढ़ायी नही जायेगी। यदि किसी संस्था द्वारा उपरोक्त तिथि तक विवरण अपलोड नही किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था के प्राचार्य/प्रबन्धक का होगा।

अतः समस्त सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेजों के प्राचार्य/प्रबन्धक से अनुरोध है कि वह डी0एच0पी0 सत्र 2023-24 में पाठ्यक्रम संचालित संस्थाओं में नव प्रवेशित ऐसे छात्र जिनका विवरण पोर्टल पर अपलोड करने से छूट गया है उनका विवरण अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में उपरोक्तानुसार समयबद्ध रूप से अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

27/05/2024

(विनय कुमार त्रिपाठी),

रजिस्ट्रार।

पत्रांक संख्या एवं तददिनांक-

प्रतिलिपि, प्रबन्धक, यू0पी0डेस्को, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सत्र 2023-24 में जमा किये गये समबद्धता शुल्क जमा कराये गये सम्बन्धित कालेज का पोर्टल दिनांक 30.05.2024 से 31.05.2024 तक खोलने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

27/05/2024

(विनय कुमार त्रिपाठी),

रजिस्ट्रार।